





खबर विशेष — लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी परंपरा का निर्वहन कर रहे बघोंडा के सभी लोग

# आज घरों के अंदर नहीं जले चूल्हे, बाहर बनाया खाया

**नवभारत,बेलखाड़ू, जबलपुर।** बेलखाड़ू से पनागर प्रमुख मार्ग पर स्थित ग्राम बघोंडा में आज बैसाख माह के पहले मंगलवार को एक दिन के लिए परिवार सहित समूची घरेलू जीवन शैली परिवर्तित हो जाती है। इस दिन घरों के भीतर चूल्हे नहीं जलते यानि घरों के भीतर खाना नहीं बनाया जाता और ना हो घरों के भीतर ग्रामीणजन खाना खाते हैं।

बैसाख माह के इस प्रथम मंगलवार को सुबह दैनिक क्रियाओं में घर के बाहर आंगन में या सार्वजनिक मंदिर स्थल पर चाय बनाने से शुरुआत होती हैं फिर ऐसे ही दोपहर और रात्रि का भोजन उपलों, तात्कालिक ईंटों का चूल्हा बनाकर भोजन तैयार कर सभी लोग घरों के बाहर परंपरा का निर्वहन करते हुए भोजन करते हैं।

### प्राचीन परंपरा का आज भी पालन

ग्राम बाघोंडा के बुजुर्ग प्रभु लाल श्रीवास (90 वर्ष), बैद्यराज नन्हे सिंह ठाकुर (92 वर्ष), हरनाम सिंह ठाकुर (75 वर्ष), विशाल पटेल (75 वर्ष) सहित ग्राम के मुरारी लाल पटेल,शरद श्रीवास, मनु श्रीवास, मनीष पांडे, रिंकू रजक, भरत साहू, मंतू रजक,गज्जू सेन सहित अन्य ने बताया कि वे सभी बचपन से गांव की इस परम्परा को देखते आ रहे हैं। एक हजार से ऊपर की आबादी वाले बाघोंडा गांव की यह लगभग डेढ़ सौ साल पुरानी परम्परा होने का दावा भी बुजुर्ग लोग करते हैं।

### पूर्वजों के समय फैली महामारी से शुरू हुई परंपरा

ग्राम के बुजुर्ग बताते हैं कि उनके पूर्वज उन्हें बताते थे कि गांव में उल्टी दस्त हैजा जैसी बीमारी का प्रकोप गांव में लोगों एवं मवेशियों पर छाया हुआ था। तब इलाज के संसाधन नहीं हुआ करते थे।उसी समय गांव में कुछ संत पधारे लोगों ने उन्हें दान दक्षिणा देकर बीमारी से बचने धार्मिक उपाय पूछा तब संतो ने कहा कि बैसाख माह के प्रथम मंगलवार को घरों में चूल्हे ना जलाएं बल्कि गांव में घरों के बाहर, धार्मिक स्थल पर भोजन बनाएं एवं खाएं। तभी से लगातार ऐसी परंपरा आज भी चली आ रही है। गांव के लोग इसे बुढ़वा मंगल भी कहते हैं।

### मेहमान भी शामिल होने आते हैं

बैसाख माह के पहले मंगलवार को गांव के लोगों की इस परम्परा में शामिल होने के लिए उनके नाते रिश्तेदार भी आज के दिन खुशी खुशी शामिल होते हैं साथ ही घरों के बाहर बनने वाले भोजन खासकर गक्कड़ भर्ता के स्वाद का भी लुफ्त उठते हैं।





## बढ़ रही चोरी की वारदातें, पुलिस करे कार्रवाई

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी में सभी रेल कॉलोनियों में पिछले कुछ माह में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं जिससे हजारों कर्मचारी व उनका परिवार काफी भयभीत है जिसे देखते हुए 7 अप्रैल मंगलवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसी आरईयू) का प्रतिनिधि मंडल एडीशनल एसपी से मुलाकात कर उन्हें घटनाओं से अवगत कराते हुए अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के पांचों शाखाओं द्वारा एनकेजे कटनी, कटनी साउथ, मुड़वारा परिक्षेत्र के रेल आवासों में विगत समय से हो रही चोरियों की समस्याओं एवं चोरी की हुई सामानों की उगाही एवं चोरियों पर अंकुश लगाने जैसी समस्याओं की निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी को ज्ञापन सौंपने का कार्य किया गया है पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया से मुलाकात कर कटनी परिक्षेत्र में स्थित रेल आवास परिक्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने, सभी एफआईआर पर उचित कार्यवाही करने की मांग रखी। एडिशनल पुलिस अधीक्षक डॉ. डेहरिया द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए एफआईआर की निराकरण साथ ही रेल आवास परिक्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में उपस्थित डबलूसीआरईयू कटनी शाखा से कॉमरेड पंकज कुमार वर्मा, कटनी शाखा से कॉमरेड बलवंत बजेठा, नकज शाखा से कॉमरेड नरेंद्र पटेल, कटनी 1 शाखा से कॉमरेड मनीष झरिया, डीज़ल शाखा से कॉमरेड संतोष, कॉमरेड अनिल बागड़ी, कॉमरेड रमाशंकर के साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ा सिरफिरा प्रेमी, चला हाईवोल्टेज ड्रामा


▶ बोला, जब तक प्रेमिका नहीं आएगी, नीचे नहीं उतरूंगा

**नवभारत, जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम गजताल में कल दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 24 वर्षीय युवक मौत की परवाह किए बिना हाईटेंशन लाइन के टावर पर जा चढ़ा। युवक की मांग थी कि जब तक उसकी प्रेमिका आकर उससे शादी का वादा नहीं करती, वह नीचे नहीं उतरेगा। लगभग 2 घंटे तक चले इस शोले स्टाइल ड्रामे ने पुलिस और ग्रामीणों की सांसें अटका दीं।

जानकारी के अनुसार मैहर निवासी 24 वर्षीय युवक का सिहोरा के गजताल निवासी 22 वर्षीय युवती के साथ पिछले कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन उनके परिजन इस रिश्ते के सख्त खिलाफ थे। मामला तब बिगड़ गया जब युवती के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी। अपनी प्रेमिका को खोने के डर से युवक कल दोपहर अचानक गजताल गाँव पहुँचा। परिजनों के विरोध और शादी टूटने की खबर से आहत युवक सीधा



गाँव के बाहर स्थित हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। करंट की परवाह किए बिना वह ऊंचाई पर जाकर बैठ गया और चिल्लाने लगा। युवक को टावर पर देख ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची सिहोरा पुलिस ने युवक को नीचे उतारने के लिए काफी मिन्नतें कीं, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। वह बार-बार एक ही बात कह रहा था जब तक मेरी प्रेमिका यहाँ नहीं आती और मुझसे शादी का वादा नहीं करती, मैं नीचे नहीं उतरूंगा। पुलिस अधिकारियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए युवक को काफी समझाया और उसे सुरक्षा का भरोसा दिलाया। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत और मान-मनौव्वल के बाद युवक का गुस्सा शांत हुआ और वह धीरे-धीरे नीचे उतरा। युवक के नीचे आते ही पुलिस और वहां मौजूद भीड़ ने राहत की सांस ली।




## बिजली की अघोषित कटौती से किसानों का हल्ला बोल

**नवभारत सिहोरा।** सरौली मझगवां पावर हाउस के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि बिजली की अंधाधुंध कटौती के खिलाफ अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ओबीसी एससी एसटी संयुक्त मोर्चा व समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष ओबीसी जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में विद्युत मंडल सरौली का घेराव करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कृषि बिजली की अघोषित कटौती को तुरंत बंद करने, 10 घंटे रेग्युलर बिजली देने, लाइन खराब होने पर बंद की गई बिजली को कवर करके देने, ओवरलोड ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर बैठालनें, ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदलकर नया ट्रांसफार्मर बैठाने की मांग करते हुए इस समस्या को तत्काल हल करने की मांग की।

और चेतावनी भी दी गई कि यदि इन समस्याओं को हल नहीं किया जाता तो बिजली आफिस सरौली में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार विद्युत विभाग होगा। जिसमें जिलाध्यक्ष ओबीसी जितेन्द्र कुमार कुर्मी, जिला उपाध्यक्ष विनोद पटेल,किसान मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष संतकुमार पटैल, युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, ब्लाक सचिव उमेश पटेल अकलेश पटेल सुरेश पटेल बारेलाल पटेल मुकेश पटेल अनिल पटेल सुनील पटेल दिनेश पटेल अमित पटेल सत्यम पटेल अभिषेक पटेल इंद्रजीत पटेल आंनद सिद्धार्थ पटेल रमेश, मोहन, सुखदेव आदर्श पटेल एवं क्षेत्र के सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे।

## प्राइवेट लैंड पर लेटराइट का कर रहे अवैध भंडारण

▶ शिकायतकर्ता ने उठाई जांच की मांग

**नवभारत, सिहोरा।** ताजा मामला प्रकाश में आया है जबलपुर एवं कटनी जिला के बीचो-बीच धनगवां अमोच आमोच बॉक्साइट एंड ओकर की माइंस (खदान) का जहां उक्त खदान संचालक ने खदान के समीप खसरा नंबर 23.09 जो की प्राइवेट लैंड है उस पर भंडारण की अनुमति ली हुई है उस पर लेटराइट मिनरल्स का भंडारण कर रहे हैं।

इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए है की माइंस (खदान) बॉक्साइट एंड ओकर की स्वीकृत है। जिस पर लेटराइट की स्वीकृति नहीं है। नवभारत को शिकायतकर्ता ने बताया कि खदान संचालक लेटराइट का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहा है एवं लेटराइट का ट्रांजिंगपास (टीपी) अन्य जिलों से मंगवाकर व्यापारियों को ऊंचे दामों पर बेच रहा है जो की पूर्णता गलत और अवैध है जिससे




शासन एवं प्रशासन को हर माह करोड़ों की राजस्व की हानि का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, अगर खदान संचालक नियमों का उल्लंघन कर रहा है तो नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी

**माइनिंग इंस्पेक्टर**
**पवन कुशवाहा कटनी**

नवभारत ने पूरी जानकारी दी हुई है में इस गंभीरमामले की निष्पक्ष जांच करवाता हूं

**राकेश चौरसिया,**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**राजस्व बहोरीबंद**

## एमआरपी से ज्यादा दाम पर बिक रही शराब

▶ आबकारी व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवभारत, सिहोरा।** सिहोरा मझौली बाईपास इंद्राना मझोली सिहोरा रोड स्थित एक शासकीय शराब दुकान इन दिनों विवादों के घेरे में है। आरोप है कि आबकारी विभाग द्वारा संचालित इस दुकान पर शराब की बिक्री निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत पर की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब दुकान सीधे शासन के अधीन संचालित हो रही है, तब इस तरह की अनियमितता कई सवाल खड़े करती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि खुलेआम अधिक दाम वसूले जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है कि शासन द्वारा तय एमआरपी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर सामग्री उपलब्ध कराना होता है, लेकिन यदि उसी में गड़बड़ी हो रही है, तो यह सीधे तौर पर शासन को राजस्व हानि और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। अब सवाल यह उठता है कि वसूली गई अतिरिक्त राशि शासन के खजाने में जा रही है या फिर कहीं अधिकारियों और कर्मचारियों की जेब भरने का जरिया बन रही है।

स्थानीय नागरिकों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।




श्रीराम महायज्ञ — 40 एकड़ भूमि क्षेत्र पर यज्ञ के साथ श्रीराम कथा की चल रहीं तैयारियां

# इंद्राना में विशाल मैदान पर 20 से होगा श्रीराम महायज्ञ का आगाज







**नवभारत, इंद्राना, जबलपुर।** जबलपुर से 30 किलोमीटर दूर मझौली के पहले इंद्राना (कापा) में विशाल मैदान पर श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का 20 अप्रैल से सात दिवसीय आगाज होने जा रहा है। श्री श्री बाल संत सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ महाराज सिहोरा द्वारा इंद्राना , कापा सहित आस पास के क्षेत्र वासियों के सहयोग से इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। आज यज्ञ स्थल पर समिति द्वारा बताया गया कि 108 हवन कुंड सहित विशाल यज्ञ शाला, श्रीराम कथा, भोजन प्रसादि के विशाल पंडाल निर्माण हेतु दिन रात तैयारियां चल रही है।

लोढ़ा पहाड़ वाले महाराज जी की देखरेख में भव्य यज्ञ शाला का निर्माण जारी है। 20 अप्रैल को ग्यारह सौ कलश यात्रा के साथ धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। यज्ञ स्थल श्रद्धालुओं के लिए विशाल पंडाल के निर्माण किए जा रहे हैं। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में आस पास के अनेकों ग्रामों से हजारों लोग के पहुंचने का अनुमान भी बताया गया है।



